Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17.11.2021 | अंक 57

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## अपेम की ओर से रेन्बो स्कूल में क्विज, खेलकूद प्रतियोगिता के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन, बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

### राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलकूद पखवाड़ा जारी, एसडीपीओ हुए शामिल

### शिक्षा को व्यवसाय न मानकर सेवा भाव से कार्य करने को संकल्पित : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा




प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत हुए प्रतिभागी



विजेता बने टीम को पुरस्कृत करते अतिथिगण

**अपेम लाइव : बरही**

राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में अपेम ट्रस्ट की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलकूद पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शिवपुर, गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में क्विज, खेल प्रतियोगिता सह स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ नाजिर अख्तर, थाना प्रभारी नीरज सिंह, अपेम मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, अपेम संरक्षक मो कयूम, रामचंद्र यादव, बरही इंटर कॉलेज प्रिंसिपल अरुण दुबे, सेवानिवृत्त शिक्षक मुरली मनोहर प्रसाद, भोला प्रसाद एवं विद्यालय के निदेशक सिकन्दर कुशवाहा ने किया। रेन्बो स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति एवं संचालन धनंजय कुमार






ने किया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमे कक्षा छह से नवम तक के विद्यार्थी शामिल हुए। उसके बाद खो खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें भगत सिंह की टीम विजेता रही। इसके बाद म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन किया गया।क्विज प्रतियोगिता में क्लास नवम से प्रथम से तृतीय क्रमश : सुधीर कुमार, आयुष कुमार कुशवाहा, निशि कुमारी कक्षा आंठवी से प्रथम विजेता सुमित पंडित, द्वितीय विजेता संदीप कुमार, तृतीय स्थान पर विवेक कुमार , कक्षा सांतवी से प्रथम स्थान, मधु यादव, द्वितीय स्थान डब्लू कुमार, तृतीय स्थान पर नीरज कुमार तथा कक्षा छ से प्रथम आकाश कुमार, द्वितीय स्थान अमित कुमार, तृतीय स्थान पर पप्पू कुमार रहें। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य एवं अन्य अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र, एवं शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया। वही खेल प्रतियोगिता में खो खो खेल में भगत सिंह टीम विजेता बनी। जिसमे कप्तान राजू कुमार, अमन कुमार सिंह, सुधीर कुमार, अमित कुमार, कृष्णा कुमार, नितेश कुमार, कृष्णा कुमार, नितेश कुमार, सोनू कुमार, दीपक कुमार को ट्रॉफी के साथ सभी को अपेम लोगों लगा मेडल देकर सम्मानित किया गया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में क्लास सातवी की सुलेखा कुंमारी तथा कक्षा पांचवी की पूर्णिमा कुमारी रही। इन्हें भी कप देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि नाजिर अख्तर ने कहा कि अपेम की ओर से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर बच्चो की प्रतिभा निखारने का प्रयास सराहनीय है। बच्चो में काफी प्रतिभा है। रेनबो स्कूल प्रबंधन बच्चो को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मुहैया करा रहा है। यह सराहनीय कदम है। सभी अतिथियों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा सम्मान डायरी भेंट किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कैम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें 30 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच करते हुए दवा दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक शुभम कुमार, गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राहुल सिंह, पवन कुमार, पूजा कुमारी, रिंकी कुमारी, खुशबू सिंह, रानू कुमारी, स्वेता कुमारी, सुधा कुमारी, सरिता कुमारी, उषा कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, महेंद्र प्रसाद आदि सहयोग किया।

## अपेम ने किया गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी को एसडीपीओ कक्ष में सम्मानित

### बैंक लूट कांड के अपराधियों को पकड़ने में दिखायी थी अदम्य साहस और वीरता

**अपेम लाइव : बरही**

नगर केश्वरी यूको बैंक से लूट कांड को अंजाम देकर भाग रहे तीन डकैतों को जान जोखिम में डालकर अपने सहयोगियों के साथ पकड़ने वाली गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी की अदम्य साहस एवं वीरता की चर्चा पूरे जिले ही नही बल्कि राज्य स्तर पर हो रही है। इसी कड़ी में बरही अनुमंडल में सामा. जिक सरोकार रखने वाली पत्रकार सह सामा. जिक संगठन अपेम की ओर से थाना प्रभारी राधा कुमारी के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में एसडीपीओ नाजिर अख्तर, इंस्पेक्टर नीरज सिंह, अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, सचिव दयानंद चौरसिया, संरक्षक मो कयूम, रामचन्द्र यादव एवं सोनू पंडित ने संयुक्त रूप से प्रश. स्ति पत्र, मेडल, बुके एव श०ल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के बाद




थाना प्रभारी राधा कुमारी को सम्मानित करते एसडीपीओ एवम अपेम के अधिकारीगण

गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी ने बताया कि एसपी हज़ारीबाग़ के सूचना पर एसडीप. ीओ नाजिर अख्तर के निर्देशन में मैने अपरा. धियों को पकड़ने में सफलता पाई। उन्होंने बताया कि वह खूंटी की रहने वाली हैं। उनकी शिक्षा संत मेरिकल स्कूल से हुई है।। उनके परिवार में अन्य कोई पुलिस विभाग में तो नही हैं, लेकिन मेरी मां ही मेरी प्रेरणा है। मां हमेशा मुझे हौसला देती हैं। उनकी प्रेरणा से मुझे बल मिलता है। खतरों से खेलना मेरी ह०बी है। पुलिस विभाग वरीय पदाधिक. ारियों खास कर एसपी साहब की प्रेरणा से मुझे बल मिलता है। मौके पर मौजूद एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि राधा कुमारी ने साहसिक कार्य की है। इसके साथ ही बरकट्ठा एव गोरहर की संयुक्त पुलिस टीम के कारण इतनी बडे कांड के अपराधियों को धर दबोचने में सफलता मिली है। मौके पर अभय कुमार, सोनू कुमार सहित कई पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 17-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## चंदवारा प्रखंड के भोंडो में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

### जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने कहा की सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना है उद्देश्य



कार्यक्रम का निरीक्षण करते पंचायत राज पदाधिकारी पारसनाथ यादव व अन्य

**अपेम लाइवः चँदवारा**



प्रखंड के भोंडो पंचायत सचिवालय प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत राज पदाधिकारी पारसनाथ यादव, प्रखंड प्रमुख लीलावती देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, अंचला. धिकारी रामरतन बरनवाल, स्थानीय मुखिया लालदेव साव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पेंशन, मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, ई-श्रम, पशुपालन, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली सहित सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। मौके पर अतिथियों ने सोना-सोबरन योजना के तहत कई लाभुकों को धोती साड़ी वितरण किया। इस दौरान जिला पंचायती राज पदाधिक. ारी पारसनाथ यादव ने कहा कि झारखंड सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को घर-घर पहुंचाने तथा लोगों के बीच जागरूकता फैलाने को लेकर पंचायतवार कार्यक्रम सु. निश्चित की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि योजनाओं की जानकारी के अभाव में असली लाभुक योजना का लाभ नहीं ले पाते हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि गांव स्तर पर वंचित परिवारों को सरकार की योजना दिलाना हम सब की जवाबदेही है। प्रखंड प्रमुख लीलावती देवी ने लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति सजग रहने एवं लाभ लेने की अपील की मौके पर अंचला. धिकारी रामरतन बरनवाल, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुंदन सिन्हा, अंचल निरीक्षक दिनेश राम, सांसद प्रतिनिधि चंद्रभूषण साव, मनरेगा बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव, मुखिया लालदेव साव, पंचायत समिति सदस्य विनोद यादव, वासुदेव साव, पंचायत सचिव प्रफुल्ल सिंह, बद्री रजवार, राकेश सिन्हा, कनीय अभियंता विकास कुमार, कौलेश्वर साव, मनोज शर्मा, भोला पंडित, बीएफटी संतोष पासवान, नारायण साव सहित कई लोग मौजूद थे।




## 65 वर्षीय समाजसेवी अब्बास खान का आकस्मिक निधन, समाजसेवियों ने व्यक्त किया संवेदना



शोक संवेदना प्रकट करते समाजसेवी

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत के ग्राम अलगडीहा के जाने माने 65 वर्षीय समाजसेवी अब्बास खान का आकस्मिक निधन सुबह 7 बजे उनके आवास पर हो गई। समाजसेवी अब्बास खान की मृत्यु की खबर से क्षेत्र में दुःख की लहर दौड़ गई। सभी लोग इस घटना से दुखी होते हुऐ परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। मो कयूम ने बताया कि अपने अंजुमन कमेटी के सदर भी रहते आए है। इस दुख की घड़ी में क्षेत्र भर से दुख सवेदना तथा अंतिम दर्शन के लिए भीड़ लगी रही। मौके पर पर सांसद प्रतिनिधि सह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, पंचायत समिति सदस्य मुनिलाल यादव, भण्डारो मुखिया सकलदेव यादव मंडल अध्यक्ष श्री बंधन यादव, बिरजू पासवान, मो कलीम नईम खान, मुनिफ खान, तैयब खान, अब्दुल कैयूम, हाजी साजिद आदि पहुँचकर संवेदना व्यक्त किया।

## शव यात्रा में शामिल हुए बरकट्ठा विधायक



शव यात्रा मे शामील विधायक व अन्य

**अपेम लाइवः चलकुशा**

प्रखंड अंतर्गत ग्राम खारी पंचायत खरगू निवासी राजू यादव पिता वासुदेव यादव की मौत हो गई। पिछले कई दिनों से बीमार रहने के कारण रांची अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था ।इस दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को मिलते ही उनके घर पहुंचे ।इस दौरान विधायक परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया साथ ही मृत आत्मा की शांति की कामना की ।मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, उपप्रमुख दुर्गा यादव खरगू पंचायत प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडे,विजय चौधरी, अशोक यादव ,राजू यादव, राजेंद्र साव, आलोक सिंह, राजेश यादव ,मोहसीन कमाल, अशोक सिंह, संजय पांडे, किशोर स्वर्णकार ,प्रकाश पासवान एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

## पशु लदा ट्रक को बरकट्ठा पुलिस ने किया जब्त,



जब्त किया गया ट्रक

**अपेम लाइवः बरकठ्**

बरकट्ठा पुलिस ने गुप्त सूचना कर आधार पर थाना क्षेत्र एनएच 2 के घंघरी स्थित रियाज पेट्रोल पंप पशु लदा ट्रक बीआर06जीबी 3687 को पकड़ा पकड़े गए ट्रक में 23 मवेशी को जब्त किया है। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक व मवेशी व्यवपारी फरार हो गए इस सम्बंध में थाना कांड संख्या 245/21 धारा 414/34 भादवी एवं 11डी पशु क्रूरता अधिनियम एवं 3/4ए/12 झारखंड राज्य गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया ।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बाल दिवस सप्ताह पर चाइल्डलाइन द्वारा दोस्ती रिस्ट बैंड कार्यक्रम आयोजित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**

बाल दिवस सप्ताह पर समाधान चाइल्डलाइन सब सेंटर विष्णुगढ़ द्वारा दोस्ती रिस्ट बैंड कार्यक्रम किया गया। प्रखंड के विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय तथा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान तथा बच्चों से सं. बंधित विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 12 अलग-अलग ग्रुप में सफल प्रतिभागियों को संस्था द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की कलाई में रिस्ट बैंड भी बांधा गया। वहीं, विष्णुगढ़ बाल मित्र थाना में पु. लिसकर्मियों के बीच दोस्ती रिस्ट बैंड बांधकर बाल मित्रता का संदेश दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने कहा कि सभी के प्रयासों से बाल उत्पीड़न, बाल हिंसा, बाल मज. दूरी समेत अन्य बाल समस्याओं को दूर किया जा सकता है। मौके पर टीम लीडर राहुल शीतल, रश्मिलता, जगदीश शर्मा समेत अन्य कई लोग शामिल थे।



विष्णुगढ़ प्लस टू उवि में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी

## आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

**अपेम लाइवः चुरचु**



आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत चुरचू प्रखण्ड के चनारो पंचायत भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें चनारो पंचायत के सैंकड़ों लोग भाग लेने के लिए उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने अपने अपने जरूरत अनुसार योजनाओं का चयन किया। जिसमें आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार के कार्यक्रम में डीसी हजारीबाग, चुरचू प्रखण्ड बीडीओ व सीओ, जिला परिषद सदस्य चुरचू प्रखण्ड अग्नेशिया सांडी पूर्ती, चुरचू प्रखण्ड उप प्रमुख चौलेशवर महतो, चनारो पंचायत मुखिया श्रीमती रेशमी देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने बिरेखाप के बिरहोर परिवारों के बीच किया कम्बल का वितरण



बिरहोर परिवारों को कंबल वितरीत करते बीडीओ

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**

बढ़ती ठंड को देखते हुए बुधवार प्रखण्ड के एक मात्र बिरेखाप गाँव मे शिविर लगाकर बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं मुखिया दुलारी देवी ,पंचायत सेवक यदुनंदन राम की उपस्थिति में कम्बल का वितरण किया गया।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए बिरहोर परिवारों को कम्बल का वितरण किया गया। बिरहोरों के बाद सरकार प्रखण्ड के सभी गरीब एवं जरूरत मन्दो को कम्बल वितरण करवएगी।मौके पर दर्जनों लोग उप. स्थित थे।

अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9122222016,9550809864

आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---18.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---चतुर्दशी तिथि दिन 11:33 मिनट तक उपरांत पूर्णिमा तिथि
दिनः---गुरुवार
नक्षत्रः---भरणी नक्षत्र
योगः---वरियान
करणः---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:38
सूर्यास्त : संध्या 05:22
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि में
आज का राहूकाल दिनः---01:30 बजे से दिनः---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से संतान सुख में वृद्धि होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लें : बीडीओ

**अपेम लाइवः बडकागॉव**


जितेंद्र कुमार पांडेय

आपकी अधिकार, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के 23 पंचायतों में शिविर आयोजन कर आम जनों तक सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं को पहुंचाना है।बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सरकार द्वारा शिविर के माध्यम से कई योजनाओं का निष्पादन करना है।लोग जानकारी के अभाव में कुछ ग्रामीण योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे है।शिविर में योजनाओं का निष्पादन करना सुनिश्चित किया है।जिनमें मुख्य रुप से नया राशन कार्ड स्वीकृत आवेदन पत्र प्राप्त करना, हड़ीया बिक्री से रोजगार में संलग्न महिलाओं की पहचान कर उन्हें फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत वैकल्पिक रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराना,कृषि ऋण माफी आवेदन प्राप्त करना,किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन पत्र प्राप्त करना,असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का श्रम पोर्टल पर निबंधन करना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना का आवेदन सृजित करना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन,बकाया बिजली बिल के भुगतान में माफी करना साथ ही बिजली नया कनेक्शन उपलब्ध कराना शामिल हैं।इनके अलावा अन्य योजनाओं का निष्पादन भी शिविर में किया जाना है।बीडीओ ने प्रखंड के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि जनता इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें।

## भाजपा ने जन वितरण प्रणाली के अनाज लुट के खिलाफ किया प्रदर्शन

### विधायक, अधिकारी और प्रतिनिधि लुट में हिस्सेदार- पूर्व विधायक मनोज यादव



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते पूर्व विधायक और भाजपाई

**अपेम लाइवः चौपारण**

प्रखंड में जन वितरण प्रणाली अंतर्गत गरीबों के निवाले पर मची लूट के खिलाफ भाजपाइयों ने प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। भाजपा ने जन वितरण प्रणाली अंतर्गत गरीबों के बीच खाद आपूर्ति विभाग के द्वारा सितंबर माह में 5600 क्विंटल अनाज की हेरा फेरी का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। धरना के बाद उपायुक्त के नाम बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जविप्र में मची लुट को रोकने, कार्डधारी को कम अनाज देने, एम ओ पर कार्रवाई आदि की मांग की गई। इसके बाद धरनास्थल से सभी अनाज वितरण के गोदाम जाकर एजीएम सह एम ओ भुपनाथ महतो से वार्ता को पहुंचे। परंतु अधिकारी नहीं मिले। इसके पूर्व धरना को संबो. धित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पूरे विधान सभा में लुट मची है। चौपारण में प्रति माह बीस लाख रुपये की वसुली एम ओ द्वारा की जा रही है। इसे विधायक अकेला यादव का संरक्षण प्राप्त है। वसुली नेटवर्क बनाकर गरीबों के अनाज की कालाबाजारी की जा रही है।कोरोना काल में केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई अनाज पर भी लुट हुई।पूरी व्यवस्था भ्रष्ट हैं। गोदाम से अनाज कम दिया जा रहा है। कहा कि कार्डधारी कम राशन नहीं लें, राशन दुकानदार भी गोदाम से कम अनाज नहीं उठायें। भाजपा कार्यकर्ता हर डीलर के समक्ष अनाज उठाव का वजन करायें। इस पूरे लुट्तंत्र के खिलाफ भाजपा जनता के लिए आंदोलन करेगी। जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में लुट मची है। केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई अनाज में लुट हुई है। यदि अधिकारी नहीं चेते तो अधिकारीयों का हुक्का-पानी बंद कर दिया जायेगा। सुनील साहु ने कहा कि गरीबों को न्याय मिलना चाहिए। जब तक जांच होकर कार्रवाई नहीं होती तब तक विरोध जारी रहेगा। राजनी. तिक संरक्षण में घपला हुआ है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सीताराम साहू ने किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय व रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश साव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, एस सी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, आशीष गुप्ता, मंडल महामंत्री आशीष सिंह, बालेश्वर साव, अरविंद सिंह, अरविंद साव, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष मो सेराज अंसारी, मो सतार अंसारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कौशल, मुखिया रेखा देवी, मुखिया पप्पू रजक, मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक, मंटू सिंह, सुखदेव पासवान, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, अशोक गुप्ता, जनमजेय सिंह, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, प्रमोद सिंह, रेवाशंकर साव सुरेश साव, सुनील सिंह, सर्योत्तम पांडेय, अशोक ठाकुर, राज. कुमार रविदास, पिंटू सोनी, संतोष सिंह, विकास यादव, मोहन भुइयां, संतोष पासवान, कैलाश पासवान, उमेश साव, अजित सिंह, गंदौरी दाँगी, युवा नेता राकेश रंजन, मनीष सिन्हा सीताराम रविदास, राजेन्द्र रविदास, सीताराम ठाकुर, धनजय सिंह, योगेश सिंह, ब्याश सिंह, गिरजा साव, प्रमेश्वर यादव,

## झाडी युक्त कुवां में मिला मजदूर का शव , पुलिस जांच में जुटी

### सूर्यपुरा निवासी तुलसी भुइयाँ के रूप में हुई पहचान

**अपेम लाइवः बरही**



अफीम कोठी बरही में एक झाडी युक्त कुवां में एक मजदूर का शव मिला। उसकी पहचान सूर्यपुरा निवासी तुलसी भुइयाँ के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह दो दिन पहले ही कुवां में गिरा है। जिसके कारण दुर्गंध फैलने लगा था। आस पास के लोगों को जब दुर्गंध का एहसास होने लगा । तब कुछ लोगों ने छानबीन करने लगे। छानबीन करने के बाद पता चला कि कुंवा में किसी का शव है। खबर पुलिस को दी गई। पुलिस जांच से पता चला की शव सूर्यपुरा पदमा निवासी तुलसी भुइयाँ का है। वह मजदूरी का काम करता था। वह उक्त कुवां तक कैसे पहुंचा उसकी जांच की जा रही है। सूचना के बाद समाजसेवी कपिल प्रसाद केशरी, नंद किशोर कुमार एवं आस पास के काफी लोग इकठ्ठा हो गए। लेकिन कोई बता नही पाए कि मजदूर कुवां में कैसे गिरा। हालांकि पुलिस हर पहलू की जांच की जा रही है।

## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चोरी की घटना पर पहुंचे वार्ड पर्षद ने किया पुलिस प्रशासन से जांच की मांग

**अपेम लाइव : गिरिडीह**

**रोहित कुमार**

सोमवार की रात निगम क्षेत्र के वार्ड 24 कोलडिहा–कोलीपट्टी में एक घर में चोरों ने धावा बोल सामान और नगद ले गया। इस बाबत भुक्तभोगी रुकसाना ने बताया कि रात के करीब 1 बजे घर में घुस पीतल, तांबा के बर्तन समेत नगद ले गया उन्होंने अपने ही गोतिया पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए नगर थाना में आवेदन दिया है



**घटना की जानकारी लेते नुरूल हौदा**

इधर सूचना पर पर्षद प्रति. निधि नुरुल हौदा पहुंचकर मामले को जाना।

## ग्राम प्रधान ने किया नाली निर्माण का निरीक्षण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत उत्कर्मित उर्दु मध्य विद्यालय के समीप 15 वीं वित योजना से पक्का नाली निर्माण का निरीक्षण बादम ग्राम प्रधान दिपक दास एवं पंचायत समिति प्रति निधी राजा खान ने किया। मौके पर ग्राम प्रधान ने कहा कि नाली निर्माण में किसी तरह



का अनियमितता या खराब काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से नेहाल सगीर, मो अफरोज, सिहान जाफर, मतुन अंसारी, आलम अंसारी, कैसर अंसारी, इमाम अली, तमीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बादम प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

बादम प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट बादम बस स्टैंड के समीप मैदान में दीपक दास,समाजसेवी महेंद्र नाथ पांडेय, गौतम वर्मा, राजा खान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भुरकुंडा बनाम बड़कागांव के बीच खेला गया।भुरकुंडा की टीम शानदार प्रदर्शन करते बिना विकेट गवाएं 10 विकेट मैच जीत लिया।बड़कागांव की पूरी टीम निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के



**कार्यक्रम में उपस्थित लोग**

नुकसान पर मात्र 51 रन ही बना सकी।मौके पर मुख्य रूप से अनिल कुमार, सचिन कुमार, राजा खान, शहंशाह खान, जीतू कुमार, विक्रम गुप्ता, रवि कुमार, राजू खान, जावेद हुसैन, सहित सैंकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## विधायक ने पीडीएस दुकान में किया साड़ी धोती का वितरण

**अपेम लाइव :चौपारण**

सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत विधायक उमाशंकर अकेला के द्वारा चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत दादपुर पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव की अगुवाई में सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण किया गया। पीडीएस संच. ालक सुमंत सिंह ने बताया कि वर्तमान में 150 लाभुकों के बीच बाटा जाएगा। वही विधायक ने ग्राम सिंहपुर में कृत सिंह व दादपुर में रामचन्द्र रजक के पीडीएस दुकान में लुंगी साड़ी का वितरण किया। विधायक ने हेमन्त सरकार



**धोती साड़ी वितरण करते**

की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी देते हुए लाभुकों से सही मानक के अनुसार राशन वितरण की जानकारी ली जिस पर लाभुकों ने पूरा राशन हर माह देने की बात कही। इस दौरान जानकी यादव , जमाल मियां, रणजीत सिंह, मंगलेश सिंह, प्रह्लाद सिंह, नवीन यादव, ईश्वर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।




## प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में प्रखण्ड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक हुआ सम्पन्न

### के सी सी ज्यादा से ज्यादा करने का दिया गया निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**

प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में बुधवार को प्रखण्ड स्तरीय बैंकर्स कमिटी की बैठक बी डी ओ हुलास महतो के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।बैठक में एल डी एम एस के शर्मा भी उपस्थित थे।बैठक में मुख्य रूप से कान्हाचट्टी,राजपुर और ऊंटा ब्रांच के शाखा प्रबंधक उपस्थित हुए।बैठक में उपस्थित शाखा प्रबन्धको को बी डी ओ ने निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों को ज्यादा से ज्यादा के सी सी का लाभ देने की घोषणा किया गया है।इस




**बैठक में उपस्थित लोग**

लिए बैंक अधिक से अधिक किसानों को केसीसी का लाभ दें ताकि किसानों को कृषि कार्य मे कोई परेशानी न हो।उन्होंने आगे कहा कि के सी सी की राशि किसान ले और समय पर बैंक को वापस करें।वही एल डी एम श्री शर्मा ने भी कई तरह के दिशा निर्देश दिए। मौके पर शाखा प्रबंधक ऊंटा मोड़ के अभिषेक कुमार, कान्हाचट्टी के अनुग्रह प्रमोद टोप्पो, एव राजपुर ब्रांच के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

## बोकारो से तस्करी कर लाया जा रहा 160 बोरा अवैध कोयला बरामद

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने बोकारो जिला से तस्करी कर विष्णुगढ़ की ओर लाया जा रहा बड़ी मात्रा में अवैध स्टीम कोयला जब्त किया है। वहीं, इस अवैध धंधे में प्रयुक्त 15 बाइक को भी जब्त किया गया है। जब्त किए गए कोयला का वजन लगभग 5 टन है। जिसे 160 बोरियों में भरकर बाइक के सहारे लाया जा रहा था। औचक छापेमारी के बावजूद इतनी बड़ी मात्रा में कोयले की तस्करी में शामिल एक भी तस्कर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि हजारीबाग एसपी को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर कोयला तस्करों के विरूद्ध मंगलवार रात में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़मो गांव के कारीमाटी पुलिया के पास 15 बाइक तथा उस पर लदा 160 बोरियों में कुल 4800 किलो अवैध स्टीम कोयला जब्त किया गया। बताया कि कोयला तस्कर सीमावर्ती बोकारो जिला के प्रतिबंधित वन क्षेत्र से कोयले का अवैध उत्खनन कर उसे बाइक पर लोड़कर विष्णुगढ़, बगोदर समेत आसपास की मंडियों में जलावन तथा ईंट भट्ठों में बेचने के उद्देश्य से अवैध काम में जुटे हैं। छापेमारी के समय पुलिस टीम को सड़क पर देखते हीं कोयला तस्कर बीच सड़क पर अपनी अपनी कोयला लदी बाइक को पटक कर अंधेरा तथा जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। मामले को लेकर विष्णुगढ़ थाना में बाइक के चालक तथा मालिक के विरूद्ध कांड अंकित कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

## राजपुर रेंजर ने कत्था तस्करों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

### पच्चास किलो गीला कत्था के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**

राजपुर थाना क्षेत्र और इटखोरी थाना क्षेत्र के सीमा पर पर वन विभाग की बड़ी करवाई बुधवार को किया गया।जिसमें 50 किलो गीला कत्था के साथ एक तस्कर को पकड़ा गया। उतरी वन क्षेत्र के रेंजर सूर्यभूषन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र से सटे गुरीवा टांड के जंगल में अवैध रूप से कत्था तैयार किया जा रहा है,इसी सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन कर अभियान चलाया



**गिरफ्तार तस्कर के साथ रेंजर व अन्य**

गया,इस दौरान 50 किलो गीला कत्था के साथ केदार भुईयां पथलगडा थाना क्षेत्र के रहने वाला व्यक्ति को पकड़ा गया।बताते चलें कि गुरिवा टांड सहित अन्य जंगलों में कई दिंनो से कत्था चुलाने का कार्य चलने की सूचना वन विभाग को मिली थी जिसके आलोक में कार्रवाई की गई और पचास किलो गीला कत्था के साथ एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बरही पश्चिमी जिला परिषद उम्मीदवार सुषमा विश्वकर्मा ने किया जनसम्पर्क, मांगा जन समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही पश्चिमी जिला परिषद से स्व घोषित उम्मीदवार सुषमा विश्वकर्मा (रिंकी) ने जनसम्पर्क अभियान चलाकर अपना समर्थन मांगा। जन सम्पर्क के तहत न्यू कoलोनी, धोबी टोला के मतदाताओं मिलकर उनकी समस्या को जानी। उन्होंने कहा कि काम मुझे करना है। मैं हरदम आप लोगों के साथ हूं। मुझे एक बार मौका चाहिए ।मैं अपना काम खुद करूंगी। इसलिए मैं खुद आई हूं। महिला सीट आरक्षित है



**जन सम्पर्क में शामिल सुषमा विश्वकर्मा व अन्य**

तो महिलाओं को आगे आना चाहिए पुरुषों को नहीं। इसलिए आप लोगों से कर –जोड़कर प्रार्थना है कि एक बार मुझे मौका दें। मैं अपने हर क्षेत्र में हर काम के लिए तत्पर रहूंगी ।। तैयार रहूंगी सूर्य की भांति विकास की रा. `शनी फैलाऊंगी। शिक्षा के क्षेत्र में, पेयजल के निर्माण में, रोजगार के क्षेत्र में, सिंचाई के क्षेत्र में, ग्रामीण सड़कों के निर्माण में हर तरह की समस्या का में समाधान करूंगी । लोगों ने बहुत ही प्यार जताया और एक ही स्वर में भरोसा दिलाया कि हम महिलाओं को आगे आना है सुषमा विश्वकर्मा ( रिंकी) को भारी मतों से जिताना है! मौके पर श्रीमती नीलम देवी, श्रीमती कौशल्या देवी,माला देवी श्री जनार्दन मिश्रा, श्री शिव नंदन प्रसाद, अनसूया देवी, मंजू देवी, सजुला देवी, रंजू देवी, अजू देवी, खुशबू देवी, रेनू देवी ,रीना देवी आदि लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी में 11वी शरीफ पर किया गया घरों में फातिहा

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

बिरनी प्रखंड अंतर्गत चिरुडीह, बलगो,पहरियाडीह, खेदवार, भरकट्ठा, मनकडीह, दोनिया, मदनगुडीह,कुबरी आदि गांव में 11वी शरीफ पर घर मे किया गया फा. तिहा।ग्यारहवीं शरीफ सुन्नी मुस्लिम संप्रदाय द्वारा मनाये जाने वाला एक प्रमुख पर्व है। जिसे इस्लाम के उपदेशक और एक महान संत अब्दुल क़ादिर जीलानी के याद में मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि वह पैगंबर मोहम्मद के वंशज थे क्योंकि उनकी माँ इमाम हुसैन की वंसज थी, जोकि पैगंबर मोहम्मद के पोते थे। उन्हें इस्लाम को पुनर्जीवित करने वाले व्यक्ति के रुप में भी जाना जाता है क्योंकि अपने उदार व्यक्तित्व और सूफी विच. ारधारा द्वारा उन्होंने कई लोगो को प्रभावित किया। इसके साथ ही अब्दुल कादिर सुफी इस्लाम के भी संस्थापक थे। उनका जन्म 17 मार्च 1078 ईस्वी को गीलान राज्य में हुआ था, जोकि आज के समय ईरान में स्थित है और उनके नाम में मौजूद जीलानी उनके जन्मस्थल को दर्शाता है। प्रतिवर्ष रमादान के पहले दिन को उनके जन्मदिन के रुप में मनाया जाता है और हर साल के रबी अल थानी के 11वें दिन को उनके पुण्य तिथि को ग्यारहवीं शरीफ के त्योहार के रुप में मनाया जाता है।

**ग्यारहवीं शरीफ क्यों मनाया जाता है ?**

ग्यारहवीं शरीफ का पर्व महान इस्लामिक ज्ञानी और हजरत अब्दुल क़ादिर जीलानी के याद में मनाया जाता है। उनका राज्य उस समय के गीलान प्रांत में हुआ था, जोकि वर्तमान में ईरान में है। ऐसा माना जाता है कि हजरत अब्दुल क़ादिर जीलानी पैगंबर मो. हम्मद साहब के रिश्तेदार थे। वह एक अच्छे विचारों वाले आदमी थे। अपने व्यक्तित्व तथा शिक्षाओं द्वारा उन्होंने कई लोगो को प्रभावित किया। हर वर्ष को हिजरी कैलेंडेर के रबी अल थानी माह के 11वें दिन उनके पुण्यतिथि के अवसर पर उनके महान कार्यों को याद करते हुए, ग्यारहवीं शरीफ का यह त्योहार मनाया जाता है। वास्तव में एक प्रकार से यह उनके द्वारा समाज के भलाई और विकास के कार्यों के लिए, उन्हें दी जाने वाले एक श्रद्धांजलि होती है। जो इस बात को दर्शाती है कि भले ही हजरत अब्दुल क़ादिर जीलानी हमारे बीच ना हो लेकिन उनके शिक्षाओं को अपनाकर हम समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है।

**ग्यारहवीं शरीफ की आधु. निक परंपरा**

पहले के अपेक्षा इस पर्व में कई सारे परिवर्तन आये है, आज के समय में यह पर्व काफी धूम-धाम के साथ मनाया जाता है और पहले के अपेक्षा वर्तमान में यह पर्व एक वृहद स्तर पर पहुंच चुका है। इस दिन मस्जिदों में लोग नमाज अदा करने के लिए इकठ्ठा होते हैं। जहां पर उन्हें हजरत अब्दुल क़ादिर जीलानी के जीवन तथा उनके शिक्षाओं के विषय में जानकारी दी जाती है, जिसमें लोगो को उनके जीवन के विभिन्न घटनाओं के विषय में भी बताया जाता है कि आखिर कैसे उन्होंने लोगो को सूफीवादी विचारधारा द्वारा मानवता का पाठ पढ़ाया और उन्हें सच्चाई तथा ईमानदारी का महत्व समझाया। हमें इस बात पर जोर देना चाहिए कि उनकी यह शिक्षाएं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे ताकि आज के समय में तेजी से बढ़ रहे इस धार्मिक कट्टरवाद पर रोक लगाया जा सके। यहीं कारण है कि हमें अपने जीवन में हजरत अब्दुल क़ादिर जीलानी के शिक्षाओं को आत्मसात करना होगा, तभी हम इस पर्व के असली अर्थ को सार्थक कर पायेंगे।

**ग्यारहवीं शरीफ का महत्व।**

ग्यारहवीं शरीफ का पर्व एक काफी महत्वपूर्ण अवसर है, यह दिन ना सिर्फ हजरत अब्दुल क़ादिर जीलानी को श्रद्धांजलि के रुप में समर्पित है बल्कि के उनके द्वारा दी गयी शिक्षाओं को भी समर्पित है। हजरत जीलानी ना सिर्फ एक सूफी संत थे बल्कि कि वह एक शिक्षक, धर्म प्रचारक, उतकृष्ट वक्ता होने के साथ ही एक ईमानदार तथा अच्छे व्यक्ति भी थे। ज़ियारवाहिन शरीफ का यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि समस्याएं चाहे कितनी भी बड़ी क्यों ना हो लेकिन अपने कार्यों के द्वारा हम उनसे आसानी से निजात पा सकते है। अपने जीवन में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किये और लोगो को ईमानदारी और सच्चाई के शक्ति से परिचित कराया। उनके जीवन के ऐसे कई सारे किस्से है, जो हमें कई अहम सीख प्रदान करते है। यही कारण है कि यह दिन हमारे लिए इतना महत्व रखता है।

## नयाटाड़ और चोपदार बलिया मे कांग्रेस ने चलाया जन जागरूकता अभियान

### केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ चला जन जागरूकता अभियान : विशेश्वर नाथ चौबे

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड के नयाटाड़ और चोपदार बलिया पंचायत में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था की बर्बादी, बढ़ती बेरोजगारी एवं महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने जन जागरूकता अभियान चलाई। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री विश. ेश्वर नाथ चौबे ने कहा है कि देश विरोधी एवं जन विरोधी कार्यों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी देशभर में लगातार आंदोलन करते आ रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निद. ेशानुसार देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती पर राज्य भर में 14 से 29 नवंबर से जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हर गांव और हर मोहल्ले में जाकर सत्तारूढ़ मोदी सरकार की इन गलत नीतियों को एवं कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि करोना काल में लगभग 14 करोड नौकरिया चली गई, दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करने मध्यम वर्ग के लोगों को लगभग 50ः तक की कटौती झेलनी पड़ी, केंद्र की बीजेपी सरकार मे बेरोजगारी चरम पर है तथा महंगाई आ. समान छू रही है इसीलिए केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध एवं कांग्रेस पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा हैद्य इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,शेख अब्दुल्ला,संजय महतो,वाहिद हुसैन, सतनारायण नायक, केसर सिंह, जयपाल ठाकुर, सुरेश महतो, शमशेर आलम, मोहम्मद इस्लाम, छोटे खान , महबुला, मो. हम्मद तहसीन एवं अन्य लोग मौजूद थेद्य

## मुखिया इन्दु देवी की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया इन्दु देवी

बिरनी प्रखंड के अंतर्गत राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मा. नित ग्राम पंचायत कपिलो में मुखिया सह ग्राम प्रधान इन्दु देवी की अध्यक्षता में कपिलो पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वारष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती इन्दु देवी, बिरनी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा, अंचलाधिकारी अशोक राम, अंचल निरीक्षक राम प्रवेश चौधरी, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात माननीय मुखिया और अधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उसके बाद पूरे प्रखंड के सभी कर्मियों के द्वारा अलग-अलग विभाग के कर्मियों द्वारा अलग अलग टेबल में स्ट०ल लगाया गया जिसमें सभी ग्रामीणों ने अपनी इच्छा व आवश्यकतानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं सहित राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, ज०ब कार्ड, मन. रेगा काम का मांग, व मनरेगा मजदूरी का भुगतान का मांग किये। सभी ग्रामीणों के द्वारा 120 आवेदन को अ०नलाइन एंट्री करके रिसीविंग भी दिया गया और कुछ शिकायत को तत्काल निष्पादन भी किया गया। जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी को गाँव की सरकार के तहत गांवों में देखकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। और लोग अपनी समस्या को अधिक. ारियों के समक्ष खुलकर रख पा रहे थे। और अधिकारियों से काम कराने में काफी सुविधा मिल रहा था। ग्रामीणों व समाज सेवियों का कहना था। कि सरकार के द्वारा प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास के सहायक सुरेन्द्र कुमार, प्रखण्ड समन्वयक अजित कुमार मरांडी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिक. ारी फरिदुल हसन, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक गोविंद महतो, प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अरुण कुमार, कल्याण पदाधिकारी महेश दास, अंचल के कर्मी प्रतिक मधेशिया, संदीप जरुआर, इन्द्रदेव पंडित, प्रखण्ड कर्मी मो कासीफ, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार, सिताराम वर्मा, सुभाष कुमार, जेएस एल पि एस के कर्मी, पंचायत सचिव पुरन मांझी, रोजगार सेवक अर्जुन दास, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक सुरज कुमार मोदी, लता कुमारी, पंचायत के सभी आंग. नबाड़ी कर्मी, जलसहिया, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश यादव, उपमुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, वार्ड सदस्य विनीत कुमार, समीद अंसारी, मीना देवी, पंचायत समिति सदस्य तैयब अली, समाज सेवी आदित्य कुमार, महेंद्र सिंह, करण यादव, लोकनाथ यादव, महेश प्रसाद, शिव प्रसाद दास, पप्पू दास, अमित गुप्ता, नेजाम अंसारी, तालेश्वर यादव, गुलाम रसुल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कई समस्याओं का हुआ त्वरित निष्पादन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन करते पदाधिकारी

आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के खरना पंचायत के बारा में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी डीटीओ विजय कुमार, बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ रामबालक कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह समेत कई लोगों ने दीप प्रज्जव. लित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर कई विभागों के स्ट०ल लगाकर जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन तथा आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में एक लाभुक को बैशाखी, दो लाभुकों को व्हील चेयर, 15 लाभुकों को कंबल, दो लाभुको को किसान क्रेडिट कार्ड, पांच को मनरेगा ज०ब कार्ड समेत वृद्ध, विधवा, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, कोरोना वैक्सीन, ई-श्रम कार्ड समेत कई कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को आच्छादित किया गया। वरीय पदाधिकारी डीटीओ विजय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह सकारात्मक पहल है। इसका लाभ लोगों तक पहुंचेगा। झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की हर छोटी बड़ी समस्या को लेकर गंभीर है। दो साल पहले भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में जनता दरबार कार्यक्रम की सफल शुरुआत की गई थी। एक बार फिर से सरकार जनता के बीच है। जनता की समस्याओं का निराकरण द्वार पहुंचकर किया जा रहा है। बीडीओ संजय कुमार कोंगाडी ने कहा कि कई लोग जानकारी के अभाव में योजना का लाभ नहीं ले पाते। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि लोगों को जागरूक करने और योजनाओं का लाभ दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। मौके पर प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, एमओ आलोक कुमार, जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल, झामुमो जिला मीडिया प्रभारी महताब हुसैन, मुखिया रीना देवी, पंसस चुनुलाल सोरेन, सीआई सतीश कुमार, नाजीर विजय कुमार, पीयूष सिन्हा, अभय कुमार, अनिकेत टुडुवार, प्रेमचंद महतो, जगदीश महतो, मनोज यादव, दिलीप महतो, राहुल कुमार, अली अंसारी, नागेंद्र प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, त्रिभुवन प्रसाद, उमेश दास समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

